बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक: 12 नवम्बर, 2025**

## बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के क्रम में मतदान के उपरांत ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट को स्ट्राँग रूम में सुरक्षित रूप से रखा जाना।

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के क्रम में द्वितीय चरण में राज्य के 20 जिलों यथा पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सितामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णियाँ, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया जी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास एवं कैमूर में दिनांक 11.11.2025 को मतदान संपन्न हुआ। इस चरण में कुल 45399 मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न हुआ।

मतदान समाप्त होने के बाद मतदान में प्रयुक्त ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्त्ताओं तथा केन्द्रीय प्रेक्षकों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए Polled EVM Strong Room में डबल लॉक सिस्टम के तहत सीलबंद कर रखा गया है।

Polled EVM Strong Room की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये है। आयोग के सुरक्षा में भंडारण प्रोटोकॉल के अनुसार स्ट्राँग रूम की सुरक्षा के लिए 02 स्तरीय शस्त्र सुरक्षा बल तैनात किया गया है, जिसमें अंदरूनी भाग की सुरक्षा का जिम्मा केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों को दिया गया है। न्यूनतम 01 प्लाटून अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त परिसर के बाहरी सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिला पुलिस तैनात है। इस प्रकार कुल 03 स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त 24 X 7 CCTV आदि प्रावधान सुनिश्चित किये गये है।

मॉक पोल के दौरान खराब पाये गये एवं सुरक्षित बची हुई अन्य ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट को आयोग के निदेशानुसार अयन्त्र चिन्हित स्ट्राँग रूम में निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत रखा गया है।

निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को लिखित रूप से सूचित किया गया है कि वे अपने प्रतिनिधियों को Polled EVM Strong Room की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी नियुक्त कर सकते है, उन्हें सुरक्षा के आंतरिक परिधि क्षेत्र से बाहर रहने की अनुमति दी गयी है। स्ट्राँग रूम का CCTV Display भी अभ्यर्थियों/प्रतिनिधियों के लिए उपलब्ध कराया गया है। साथ ही CCTV के निर्बाध कार्यरत रहने हेतु पावर सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था के रूम में जेनरेटर, इनवर्टर, यू०पी०एस० अदि की व्यवस्था की गयी है। सभी स्ट्राँग रूम परिसर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें जिले के वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारियों को दैनिक रूप से स्ट्राँग रूम भ्रमण करने का निदेश दिया गया है।

मतगणना दिवस दिनांक 14.11.2025 को Polled EVM Strong Room को अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्त्ताओं एवं केन्द्रीय प्रेक्षकों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए खोला जाएगा एवं मतगणना का कार्य किया जाएगा।

*****************